-दिनांक – 18-5-24 को मोबाइल लूट की घटना को अजांम देने वाले 03 शातिर अभियुक्त आये गिरफ्त में , अभियुक्तों से कब्जे से घटना में लूटा गया मोबाइल हुआ बरामद, घटना में प्रयुक्त कार को किया सीज

कोतवाली ऋषिकेश

दिनांक 16-5-2024 को वादी यशवंत सिंह रावत पुत्र स्व0 रुमाल सिंह, निवासी गली नंबर 3, बीस बीघा ऋषिकेश के द्वारा कोतवाली ऋषिकेश में एक लिखित तहरीर दी गई की दिनाँक 15/05/2024 की रात्रि लगभग 10.15 बजे उनका छोटा बेटा अभिषेक रावत अपनी दुकान से घर जा रहा था, थोड़ी दूर पर हाई कोर्ट गेस्ट हाउस के सामने एक सफेद रंग की स्विफ्ट कार (नंबर अज्ञात) में बैठे अज्ञात लोगों के द्वारा उनके बेटे से उसका ओप्पो कंपनी का मोबाइल फोन लूट कर फरार हो गए, जिन्हें उनके बेटे द्वारा रोकने की कोशिश की गयी, जिसमें उनका बेटा घायल हो गया है। प्राप्त लिखित तहरीर के आधार पर कोतवाली ऋषिकेश में मु0अ0सं0-392/24 धारा 392 भादवि0 का अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारंभ की गई।

लूट की घटना की गंभीरता के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून द्वारा घटना के अनावरण तथा घटना में शामिल अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रभारी निरीक्षक ऋषिकेश को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण करते हुए महत्वपूर्ण जानकारियां एकत्रित की गई तथा घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेजों को चैक किया गया, साथ ही स्थानीय मुखबिर तंत्र को भी सक्रिय किया गया, पुलिस द्वारा किये गये प्रयासो से दिनांक 17 मई 2024 को घटना में शामिल तीन अभियुक्तो को वीरभद्र मंदिर के पास से गिरफ्तार किया गया है, अभियुक्तों के कब्जे से लूटा गया मोबाइल फोन एवं घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार रजिस्ट्रेशन नंबर UK 17 TA 0399 बरामद की गई।

तीनों अभियुक्त नशे के आदी हैं, नशे की पूर्ति के लिए अभियुक्तों द्वारा घटना को अंजाम दिया गया,तीनों अभियुक्त के विरुद्ध पूर्व में भी चोरी, वाहन चोरी, चेन स्नेचिंग, आर्म्स एक्ट जैसे संगीन अपराधों के कई अभियोग पंजीकृत है, जिनमे अभियुक्त पूर्व में जेल जा चुके हैं।

पूछताछ विवरण- पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा बताया गया कि वह तीनो नशे के आदि है, घटना वाले दिन भी तीनो ने नशा किया हुआ था तथा नशे की पूर्ति के लिये तीनो ने राह चलते व्यक्तियो से मोबाइल फोन लूटकर उसे बेचने की योजना बनायी थी, घटना वाले दिन अभियुक्त शुभम स्विफ्ट डिजायर कार लेकर आया, तीनो अभियुक्त उसमें बैठकर कृष्णा नगर कॉलोनी से वीरभद्र रोड पर चल दिए, फिर हाईकोर्ट गेस्ट हाउस के पास से एक राह चलते लड़के से फोन करने के बहाने मोबाइल फोन लूटकर भाग गए थे तथा आज उस मोबाइल को अपने नशे की पूर्ति के लिये बेचने की फिराक में थे।

नाम/पता अभियुक्तगण

1-शुभम पुत्र गोविंद चंद, निवासी कृष्ण नगर कॉलोनी, आईडीपीएल, ऋषिकेश देहरादून, उम्र 24 वर्ष।

2-विवेक शर्मा पुत्र ज्योति शर्मा, निवासी कृष्ण नगर कॉलोनी आईडीपीएल, ऋषिकेश देहरादून, उम्र 23 वर्ष।

3-चंद्रशेखर पुत्र मदन लाल, निवासी कृष्ण नगर कॉलोनी आईडीपीएल, ऋषिकेश देहरादून, उम्र 23 वर्ष

बरामदगी विवरण

1- घटना में लूटा गया एक मोबाइल फोन ओप्पो कंपनी

2- घटना में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार रजिस्ट्रेशन नंबर UK 17 TA 0399

अपराधिक इतिहास अभियुक्त शुभम

1- मु०अ०स०-473/16 धारा-379,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश

2- मु०अ०स०-243/24 धारा-392,411,34 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश

3- मु०अ०स०-485/16 धारा-379,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश

4- मु०अ०स०-486/16 धारा-379,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश

5- मु०अ०स०-487/16 धारा-379,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश

6- मु०अ०स०-488/16 धारा-379,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश

7-मु०अ०स०-489/16 धारा-379,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश
8-मु०अ०स०-490/16 धारा-379,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश
9-मु०अ०स०-491/16 धारा-379,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश
10-मु०अ०स०-559/17 धारा-379,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश
11-मु०अ०स०-560/17 धारा-379,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश
12-मु०अ०स०-297/18 धारा-25/4 आर्म्स एक्ट चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश

अपराधिक इतिहास अभियुक्त विवेक

1-मु०अ०स०-242/24 धारा-392,411 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश
2-मु०अ०स०-187/24 धारा-392,411,34 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश

अपराधिक इतिहास अभियुक्त चंद्रशेखर

1-मु०अ०स०-243/24 धारा-392,411,34 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश
2-मु०अ०स०-490/23 धारा-379,411,34 आईपीसी चालानी थाना कोतवाली ऋषिकेश

पुलिस टीम

1-शंकर सिंह बिष्ट, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली ऋषिकेश
2-उ0नि0 विनेश कुमार, चौकी प्रभारी एम्स
3-हे0कां0 संदीप राठी
4-कां0 सचिन सैनी
5- कां0 अभिषेक
6- कां0 अमित पंवार
7- हे0कां0 कमल जोशी, एसओजी देहात
8- कां0 नवनीत, एसओजी देहात
9- कां0 सोनी, एसओजी देहात

कोतवाली ऋषिकेश
जनपद-देहरादून (उत्तराखण्ड)
प्रभारी निरीक्षक 9411112815